हादसा

अवैध रेत परिवहन बना काल, बारहबड़ा मार्ग पर डंपर ने बाइक सवारों को रौंदा

# तेज रफ्तार के कहर ने ली मासूम की जान

**नवभारत,नरसिंहपुर,चीचली।** क्षेत्र में मौत बनकर दौड़ रहे रेत के डंपरों ने बुधवार को एक और हंसते-खेलते परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। गाडरवारा के बारहबड़ा मार्ग पर अवैध रेत परिवहन में लगे एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दो ग्रामीणों को बेरहमी से कुचल दिया। इस हृदयविदारक हादसे में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। दुर्घटना के बाद इलाके में भारी आक्रोश व्याप्त है।



### मौके पर ही थमी सांस

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम खैरी निवासी नर्मदा प्रसाद अपने साथी नवल ठाकुर के साथ मोटरसाइकिल से निजी काम के लिए जा रहे थे। इसी दौरान बारहबड़ा मार्ग पर सामने से आ रहे डंपर क्रमांक MP 15 H 1607 ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए। हादसे में नर्मदा प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गया।

### शक्कर एवं अन्य नदियों में अवैध उत्खनन बना नासूर

चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हुए और घायल नवल ठाकुर को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ अपना गुबार निकालते हुए कहा कि शक्कर एवं अन्य नदियों में से क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध रेत उत्खनन चल रहा है। माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि आबादी वाले क्षेत्रों के बीच से डंपर 80 से 100 की रफ्तार में दौड़ते हैं। ओवरलोडिंग के कारण सड़कें भी जर्जर हो चुकी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस और खनिज विभाग को बार-बार सूचना देने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती, जिसका खामियाजा निर्दोष लोगों को अपनी जान देकर भुगतना पड़ रहा है।

### अस्पताल में हंगामा

हादसे की खबर मिलते ही सिविल अस्पताल गाडरवारा में ग्रामीणों और परिजनों की भारी भीड़ जमा हो गई। माहौल उस समय तनावपूर्ण हो गया जब लोगों ने प्रशासन पर रेत माफियाओं को संरक्षण देने के आरोप लगाए। सूचना मिलने पर पूर्व विधायक व कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनीता पटेल अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा, प्रशासन की ढुलमुल कार्यप्रणाली के कारण ही आज एक परिवार का चिराग बुझ गया। यदि अवैध वाहनों पर समय रहते लगाम कसी जाती, तो यह हादसा नहीं होता। पुलिस की कार्रवाई, चीचली थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर डंपर को जब्त कर लिया है। अज्ञात डंपर चालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी चालक की तलाश जारी है और क्षेत्र में भारी वाहनों की चेकिंग बढ़ाई जाएगी।

## आयुर्वेदिक औषधि की आड़ में युवाओं को परोसा जा रहा जहर

**नवभारत,गाडरवारा।** क्षेत्र में इन दिनों सनन मुनक्का और इसी तरह के अन्य नशीले उत्पादों की खुलेआम बिक्री ने जागरूक नागरिकों और अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। कहने को तो ये उत्पाद आयुर्वेदिक मुनक्का के नाम पर बेचे जा रहे हैं, लेकिन हकीकत में इनमें भारी मात्रा में भांग और नशीले तत्वों का मिश्रण होता है, जो धीरे-धीरे युवाओं और छात्र-छात्राओं को नशे की गर्त में धकेल रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिस मादक पदार्थ पर प्रशासन की सख्त निगरानी होनी चाहिए, वह शहर की छोटी-छोटी पान की दुकानों, चाय के टपरों और सामान्य किराना दुकानों पर महज कुछ रुपयों में उपलब्ध है। विशेष रूप से स्कूलों और कॉलेजों के आसपास इन नशीली गोलियों की खपत अधिक देखी जा रही है। कम कीमत और आयुर्वेदिक लेबल होने के कारण कम उम्र के बच्चे भी इसे आसानी से खरीद रहे हैं। जागरूक लोगों का कहना है कि सनन मुनक्का में मुनक्का के साथ भांग के पत्तों का अर्क मिलाया जाता है, जिसका प्रभाव बिल्कुल गांजे जैसा होता है। इसके सेवन से व्यक्ति की सुस्ती, भ्रम और मानसिक असंतुलन का सामना करना पड़ता है। लंबे समय तक इसका सेवन करने से लीवर, याददाश्त और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है।

## नियमों को ठेंगा दिखा रहे अवैध अहाते, रात होते ही जमती है महफिलें

**नवभारत,गाडरवारा।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश भर में अहाता संस्कृति को पूरी तरह समाप्त करने के कड़े निर्देशों के बावजूद, गाडरवारा शहर में नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। शहर के विभिन्न शराब दुकानों के पास न केवल अवैध अहाते संचालित हो रहे हैं, बल्कि देर रात तक खुलेआम जाम छलक रहे हैं।



आश्चर्य की बात यह है कि प्रशासन छोटी दुकानों को तो समय पर बंद कराने की मुस्तैदी दिखाता है, लेकिन इन अवैध ठिकानों पर जिम्मेदारों की नजर नहीं पड़ रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन और पुलिस का दोहरा मापदंड समझ से परे है। रात 10 बजते ही पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ियां छोटी-मोटी किराना दुकानों और गुमटियों को बंद कराने के लिए सक्रिय हो जाती हैं। यदि कोई गरीब दुकानदार 5 मिनट भी देरी कर दे, तो उस पर कार्रवाई का डर दिखाया जाता है। वहीं दूसरी ओर, शराब दुकानों के बगल में चल रहे अवैध अहाते देर रात तक गुलजार रहते हैं, जहाँ न समय की पाबंदी है और न ही कानून का खौफ। इन अवैध अहातों के कारण आसपास के रहवासियों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़रहा है। खुलेआम शराब पीने के बाद असामाजिक तत्व गाली-गलौज और हुड़दंग करते हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों का उस रास्ते से निकलना दूभर हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि आबकारी विभाग और स्थानीय पुलिस की मिलीभगत या अनदेखी के कारण ही यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है।

## चाचा ससुर सहित साले ने जमीन विवाद को लेकर दामाद की कर दी पिटाई

**नवभारत,गाडरवारा।** जमीन को लेकर लोग सभी रिश्तों की मर्यादाओं को भुलाकर मारपीट करने से नहीं चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम छैनाकछार में देखने मिली है जहां पर जमीन की बात को लेकर चाचा ससुर सहित साले ने मिलकर अपने जीजा की पिटाई कर दी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम छैनाकछार निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरी जमीन ग्राम छैनाकछार मौजा मे है तथा मेरे बाजू मे बडे ससुर पूरन लाल कौरव की भी जमीन लगी हुई है। इस जमीन पर हम लोगों के बीच विवाद चल रहा है। बीते हुये दिवस की बात है कि जब प्रार्थी अपने खेत मे पाईप ऊठाकर पानी की लाईन बदल रहा था। उसी दौरान वहां पर प्रार्थी के बडे ससुर पूरनलाल आये और खेत तरफ लगा हुआ खोड़ा उखाडने लगे। जिसको लेकर प्रार्थी ने कहा कि मैंने गाडरवारा मे नाप के लिए आवेदन लगाया है जैसे ही नाप हो जायेगा तो तुम यह खोड़ा उखाड़ लेना यह बात सुनकर वहाँ पर मौजूद ककिया ससुर कमल कौरव एवं साला मुकेश कौरव भी आय गये और प्रार्थी यानि की रिस्ते के दमाद को गंदी गंदी गालियां देने लगे। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो बडे ससुर, चाचा ससुर सहित साले ने एक राय होकर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी दमाद की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ससुरों सहित साले के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लया गया है।



## नर्मदा घाटों पर रही भारी भीड़

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तटों पर मकर संक्रांति पर्व को लेकर विशेष भीड़ भाड़ देखने को मिली 13 जनवरी की रात्रि से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने अपने बाहनों ट्रेक्टरों से नर्मदा तटों पर पहुंच गये थे। मुहुर्त में स्नान कर पूजन अर्चन किया गया।इस बार 14 जनवरी को एकादशी होने के कारण विशेष महत्व होने और 15 जनवरी को भी मुहुर्त होने के कारण बड़ी संख्या में पहुंचे हैं। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ककरा घाट बिल्थारी करोंदी बारह सिमरिया शोकलपुर घाटों पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करने के लिए पहुंचे। ककरा घाट पर भंडारों का आयोजन किया गया।

## धार्मिक स्थल के पास गंदगी का अंबार, स्वच्छ भारत अभियान की उड़ रही धज्जियां

**नवभारत,गोटेगांव।** भारत के प्रधान सेवक द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान को गोटेगांव में जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते ग्रहण लग रहा है। नगर की जनपद पंचायत के समीप स्थित दीनदयाल रसोई के पास बने भगवान भोलेनाथ के मंदिर के इर्द-गिर्द गंदगी का भारी अंबार लगा हुआ है।

विडंबना यह है कि सनातन आस्था के प्रतीक महादेव के मंदिर के बिल्कुल किनारे कचरे के ढेर लगे हैं, जहाँ अपने कार्यों से आने वाले लोग प्रसाधन कर रहे हैं। इस धार्मिक स्थल की मर्यादा को तार-तार होते देख भी प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। जनपद पंचायत प्रांगण और दीनदयाल रसोई के पास बढ़ती गंदगी के प्रति अधिकारी पूरी तरह उदासीन नजर आ रहे हैं। सफाई व्यवस्था का बुरा हाल केवल यहीं तक सीमित नहीं है, बल्कि तहसील कार्यालय की स्थिति भी बदहाल है। स्थानीय लोगों के अनुसार, तहसील कार्यालय में लंबे समय से झाड़ू तक नहीं लगी है, जिससे पूरे परिसर में धूल और कचरे का साम्राज्य फैला हुआ है। प्रशासन की इस बेरुखी के कारण सरकारी कार्यालयों और उनके आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है। दुकानदारों द्वारा कचरा फेंकने से नागरिकों में रोष धार्मिक स्थल के समीप फैली इस गंदगी को लेकर श्रद्धालुओं और नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मंदिर में श्रद्धा रखने वाले भक्तों का कहना है कि आसपास संचालित व्यावसायिक दुकानों के संचालक अपना अपशिष्ट कचरा निकालकर खुले में फेंक देते हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में दुर्गंध और अस्वच्छता का माहौल बना रहता है। स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि ऐसे दुकानदारों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त चालानी कार्रवाई की जाए और मंदिर परिसर के आसपास नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए।






## पूर्व विधायक के जन्म जयंती पर मूर्ति पर की पुष्पांजलि अर्पित

**नवभारत,करेली।** पूर्व विधायक स्वर्गीय उत्तमचंद लूनावत के जन्म जयंती के अवसर पर लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी ने उनकी मूर्ति पर पुष्पांजलि करके कहा कि लूनावत सच्चे मायने में समाजसेवी थे जब वह नगर पालिका के अध्यक्ष थे तब उन्होंने नगर के विकास के लिए अनेकों कार्य किये जो आज भी नगर के लोग उन्हें याद कर उनके कार्यों की सराहना करते हैं। कार्यक्रम में जिला भाजपा के अध्यक्ष राम स्नेही पाठक ने उनका स्मरण करते हुए कहा कि आदरणीय लूनावत कार्यकर्ताओं का सम्मान करते थे तथा समाज के प्रति उनका समर्पण आज एक आदर्श प्रस्तुत कर युवाओं को प्रेरणा देता है।

### एक नजर में

## पुरानी बुराई को लेकर मारपीट

**नवभारत,गाडरवारा।** स्थानीय थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के मरघटा मुहल्ला निवासी चंदर्ना पिता नत्थू लाल कहार उम्र 28 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस जब वह अपने घर पर था उसी समय हल्कू ठाकुर नामक व्यक्ति आया और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालियां देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच मेंं लया गया है।

## नृसिंह अवतार में प्रभु ने किया असुर राज का वध : तिवारी

**नवभारत,गोटेगांव।** गोटेगांव तहसील के अंतर्गत ग्राम श्रीनगर में पावर हाउस के पास राजपूत परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ में भक्ति की बयार बह रही है। कथा के तृतीय दिवस पर कथा व्यास पंडित पीयूष तिवारी ने भक्त प्रहलाद के चरित्र का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। पंडित पीयूष तिवारी, जो कृतिशेष ग्राम गुरुजी पंडित संतोष कुमार तिवारी के सुपुत्र हैं, उनके मुखारविंद से यह प्रथम श्रीमद् भागवत कथा प्रवाहित हो रही है। कथा व्यास ने बताया कि किस प्रकार असुर कुल में जन्म लेने के बाद भी प्रहलाद ने भगवान विष्णु के प्रति अटूट भक्ति बनाए रखी। माता कयाधु के गर्भ में रहते हुए ही देवर्षि नारद के उपदेशों से प्रहलाद में भक्ति के संस्कार जाग्रत हो गए थे। कथा के दौरान हिरण्य कश्यप के अत्याचारों और प्रहलाद की अडिग आस्था का प्रसंग सुनाते हुए श्री तिवारी ने कहा कि जब अहंकार में डूबे हिरण्य कश्यप ने प्रहलाद को मारने के अनेक प्रयास किए, तब हर बार प्रभु ने उसकी रक्षा की। अंत में जब हिरण्यकश्यप ने चुनौती देते हुए खंभा तोड़ा, तो भगवान विष्णु ने नृसिंह अवतार (आधा शेर और आधा मनुष्य) धारण कर ब्रह्मा जी के वरदानों की मर्यादा रखते हुए असुर राज का वध किया। यह प्रसंग सिखाता है कि सच्ची भक्ति हर बाधा को पार कर लेती है और ईश्वर अपने भक्त की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

## नर्मदा पुराण कथा का आयोजन

**नवभारत,तेंदूखेड़ा ।** पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट राजा बलि की यज्ञ स्थली में फट्टी वाले बाबा द्वारा मां नर्मदा के पावन तट पर संगीतमय मां नर्मदा पुराण का आयोजन 13 जनवरी से 21 जनवरी तक पं दीपक कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से ही आयोजित किया गया है। प्रतिदिन दोपहर एक बजे से शाम 05 बजे तक चलने वाले इस महापुराण को श्रवण करने के लिए क्षेत्रीय श्रोता श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की गई है। 21 जनवरी को विशाल भंडारे के साथ कथा का समापन होगा।

## विद्या देवी का निधन

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस देवरी राजमार्ग के भाजपा के वरिष्ठ नेता रामदयाल परोसी की धर्मपत्नी विद्या देवी पटेल का निधन हो जाने पर क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।विद्या देवी अशोक राजकुमार परोसी की पूज्य माता जी थीं।

## नहीं रहे रामकिशोर गुप्ता

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा के प्रतिष्ठित गुप्ता परिवार के पहलवान गुप्ता अनुज गुप्ता के पूज्य पिता रामकिशोर गुप्ता का दुखद निधन हो जाने पर सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।

## भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आज

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत कई वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार ब्रह्माण्ड घाट मेला के दौरान मकर संक्रांति पर भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों के आमने-सामने कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होते हैं। पहले सत्ता पक्ष बाद में विपक्ष के नेता भाषणों के माध्यम से पार्टियों की कमियों और योजनाओं के बारे में उल्लेख किया करते हैं। आज कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है जिसमें कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष सुनीता पटेल ने जिला ब्लाक मंडलम सेक्टर सेवादल और युवक कांग्रेस महिला कांग्रेस एन एस यू आई अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग अल्पसंख्यक सभी बूथ स्तर के सभी प्रतिनिधियों के कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील की गई है।इसी तरह से दोपहर एक बजे से भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा



## शिव-पार्वती विवाह धूमधाम से हुआ

**नवभारत,करेली।** रायल सिटी में शीव कथा का आयोजन किया जा रहा है उसी संख्या के अंतर्गत दिनांक 14 जनवरी को शिव-पार्वती विवाह किया गया जिसमें भव्य और जीवंत वर्णन किया गया है। पारंपरिक मंगल गीतों, भजनों और भावनात्मक प्रसंगों के माध्यम से कैलाश पर्वत के दिव्य विवाह का सुंदर चित्रण किया गया। वर्णन आयोजन समिति ने जानकारी दी कि कथा के आगामी प्रसंग में श्री कार्तिकेय एवं भगवान गणेश के जन्मोत्सव का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। शिव महापुराण पूजन में महंत प्रीतम पुरी, गोविंद गिरि, अरविंद गिरि, देवेन्द्र पुरी, महंत संतोष पुरी, संतोष गोस्वामी स्टूडियो, जगदीश खत्री, रजनीकांत मिश्रा, भगवान सिंह पचोरी सहित महिला मंडल की विशेष सहभागिता रही।आयोजन समिति ने नगर के अधिक से अधिक धर्मप्रेमी नागरिकों से शिव महापुराण कथा में सहभागिता करने की अपील की है। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण भी किया।

## स्टेशन पर स्वच्छता अभियान के दावों की खुली पोल

**नवभारत,गोटेगांव।** नगर के श्रीधाम स्टेशन पर रेल विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। स्टेशन के डाउन प्लेटफार्म पर लाखों की लागत से निर्मित शौचालयों की हालत अत्यंत दयनीय बनी हुई है। यहां शौचालयों से नल की टोटियां गायब हो चुकी हैं, जिसके कारण पानी व्यर्थ बह रहा है। किसी स्थाई सफाई कर्मचारी की नियुक्ति न होने से पूरे शौचालय परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है।



जो स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों के लिए भारी परेशानी का सबब बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री द्वारा श्रीधाम स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है। करोड़ों रुपए खर्च कर स्टेशन के कायाकल्प का दावा किया जा रहा है, लेकिन धरातल पर स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत है। प्लेटफार्म पर जगह-जगह से टाइल्स उखड़ रहे हैं और सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह योजना केवल ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने का जरिया बनकर रह गई है और स्टेशन की दुर्गति लगातार बढ़ती जा रही है। साथ ही प्लेटफार्म नंबर 3 पर जबलपुर की ओर प्लेटफार्म पर सुलभ कंपलेक्स ना होने से रेल यात्रियों को बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है रेल प्रशासन ध्यान आकर्षित करें। स्टेशन के बाहर स्थित रेलवे कॉलोनी और वरिष्ठ खंड अभियंता कार्यालय के पीछे भी बदहाली का मंजर है। यहां शौचालयों का गंदा पानी खुलेआम सड़कों पर बह रहा है, जिससे आसपास के वातावरण में दुर्गंध फैली हुई है। स्वच्छ भारत अभियान को ठेंगा दिखाते हुए रेल विभाग कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। कई बार समाचार पत्रों के माध्यम से विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझा। शासन की मंशा के विपरीत करोड़ों के फंड का दुरुपयोग हो रहा है और यात्री सुविधाओं के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है।

# फुआरा चौक पर स्थायी प्रवेश द्वार निर्माण की उठी मांग

## ब्रह्मलीन शंकराचार्य की तपोभूमि की पहचान के लिए प्रवेश द्वार जरूरी

**नवभारत,गोटेगांव।** धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना की पुण्यभूमि गोटेगांव नगर की पहचान को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नगरवासियों ने फुआरा चौक पर भव्य एवं स्थायी प्रवेश द्वार निर्माण की मांग को लेकर नगर पालिका को ज्ञापन सौंपा। यह प्रवेश द्वार धार्मिक क्षेत्र झोतेश्वर परमहंसी गंगा आश्रम पहुंच मार्ग पर प्रस्तावित है।




जो नगर की धार्मिक गरिमा का प्रतीक बनेगा। इसी मार्ग पर श्री श्री बाबाश्री का सत्य सरोवर आश्रम भी विद्यमान है। नगरवासियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाराज की तपोभूमि परमहंसी गंगा आश्रम गोटेगांव नगर की आत्मा और पहचान है। पूज्य शंकराचार्य जी ने ही गोटेगांव को नया आध्यात्मिक स्वरूप प्रदान करते हुए इसे श्रीधाम की संज्ञा दी थी, जिसके कारण यह नगर आज देश-विदेश में श्रद्धा और आस्था के केंद्र के रूप में जाना जाता है। भगवती राजराजेश्वरी त्रिपुरसुंदरी माता का भव्य मंदिर परमहंसी गंगा आश्रम में स्थापित है, वहीं वर्तमान में द्वारिका पीठ के शांकराचार्य अविमुकतेश्वरानन्द सरस्वती एवं शारदा पीठ के शांकराचार्य सदानंद सरस्वती का श्रीधाम गोटेगाँव से गहरा लगवा है। गोटेगांव नगर में प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु, संत-महात्मा एवं पर्यटक दर्शन हेतु आते हैं, किंतु नगर में प्रवेश करते समय कोई स्थायी एवं भव्य प्रवेश द्वार न होने से इसकी धार्मिक पहचान स्पष्ट रूप से परिलक्षित नहीं हो पाती। फुआरा चौक ऐसा प्रमुख स्थान है, जहाँ से झोतेश्वर परमहंसी गंगा आश्रम की ओर श्रद्धालुओं का आवागमन होता है, अतः यहां प्रवेश द्वार का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। नगरवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से आग्रह किया कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शीघ्र ही फुआरा चौक पर आकर्षक, भव्य एवं स्थायी प्रवेश द्वार का निर्माण कराया जाए।

### श्रीधाम गोटेगांव की पहचान का प्रश्न

इससे न केवल श्रद्धालुओं को दिशा-सूचक सुविधा मिलेगी, बल्कि नगर की सुंदरता, गरिमा और धार्मिक पहचान में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि प्रवेश द्वार के निर्माण से नगर एक सुस्पष्ट धार्मिक नगरी के रूप में और अधिक प्रतिष्ठित होगा तथा आने वाली पीढ़ियों को भी अपनी आध्यात्मिक विरासत पर गर्व करने का अवसर मिलेगा। धार्मिक नगरी केवल ईंट-पत्थरों से नहीं, बल्कि आस्था, परंपरा और स्मृतियों से बनती है। गोटेगांव ऐसा ही एक नगर है, जिसकी आत्मा में अध्यात्म रचा-बसा है।



## श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस समीपवर्ती ग्राम सांकल में मकर संक्रांति मेला पर्व के पावन उपलक्ष्य में श्रीमद्भागवत महापुराण का मंगलमय शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिवस पर ग्राम में धूमधाम के साथ कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें समस्त ग्रामवासियों ने अत्यंत उत्साह और आनंद के साथ भाग लिया। शिव सुता की गोद में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान के पहले दिन भागवत महात्म्य का वर्णन किया गया। श्रीधाम वृंदावन से पधारे परम श्रद्धेय आचार्य श्री प्रशांत कृष्ण जी महाराज ने अपने मुखारविंद से भक्तों को कथा का रसपान कराया। प्रथम दिवस की कथा में नारद भक्ति संवाद और आत्मदेव-धुंधकारी चरित्र के प्रसंग सुनाए गए। महाराज जी ने श्रीमद्भागवत कथा श्रवण के नियमों पर प्रकाश डालते हुए अच्छाई और बुराई के अंतर को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार धुंधकारी को अपने बुरे आचरणों के कारण कष्टकारी मृत्यु का सामना करना पड़ा और उसके मुख में जलती हुई अग्नि के प्रभाव से उसके प्राण निकले।